महत्वपूर्ण एवं खास

नदी में डुबने से डिप्टी रेंजर की मौत

मरीन ड्राईव क्षेत्र का है मामला

न्याय साक्षी/रायगढ़। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के बेलादुला मरीन ड्राइव स्थित नदी में नहाने गए डिप्टी रेंजर की पानी में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नहाते समय डिप्टी रेंजर को मिर्गी का दौरा पड़ा, जिससे वह पानी में डूब गया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने शून्य में मर्ग कायम कर लिया है। वहीं मर्ग डायरी चक्रधर नगर थाना भेजने की बात कही जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार बेलादुला कमलानगर निवासी लक्ष्मी प्रसाद यादव धरमजयगढ़ वन मंडल के तेंदूपत्ता विभाग में डिप्टी रेंजर के पद पर पदस्थ थे। वह छुट्टी में बेलादुला स्थित अपने घर आया था। दो मई की सुबह वह नहाने के लिए बेलादुला मरीन ड्राइव स्थित नदी में स्टाप डेम के पास नहाने गया था। इस दौरान उसे अचानक मिर्गी का दौरा पड़ा और पानी में डूब कर उसकी मौत हो गई। घटना के बारे में जब स्थानीय लोगों को पता चला तो सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। वहीं घटना की सूचना डायल 112 व पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से निकाला गया। इसके बाद एम्बुलेंस से शव को मेकाहारा पहुंचाया गया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया।

द लांच पैड ग्रीष्मकालीन कार्यशाला , डेमो क्लास आठ मई से आरंभ

न्याय साक्षी/रायगढ़। गर्मी के अवसर पर शहर में द लांच पैड का कार्यशाला का आयोजन होटल राजमहल में किया जा रहा है। 5 दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किये जा रहे है जिसका मुख्य उद्देश्य मंच प्रोतसाहनए नेतृत्व क्षमताए आत्मविश्वासए टीम वर्कए व्यक्ति विकास को बढ़ावा देना है। इस कार्यशाला के प्रतिभागियों के लिए हिंदी व अंग्रेजी दो सामान्य माध्यम है व कार्यशाला में बौद्धिक विकास एवं शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए ट्रैकिंग की भी व्यवस्था की गई है । इस वर्ग को करने वाला प्रतिभागी अंतरराष्ट्रीय स्तर की योग्यता रखेंगे इस वर्ग के प्रतिक्रिया से आप अपने व्यक्तित्व में अभूतपूर्व बदलाव होना तय है। इस प्रशिक्षण शिविर में वर्ग दो बैच में आयोजित की जा रही है जिसमें कक्षा 1 . 8वी से 10वीए कक्षा 2 . 11वी से 12वी जिसका समय 3रू30 से 8रू30 तक है। यह कार्यशाला आठ मई से आयोजित होगा।

फनी तूफान से बचाव एवं राहत कार्य के संबंध में निर्देश

न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 48 घंटे के भीतर उड़ीसा की खाड़ी में %फनी% तूफान आने की संभावना है। जिसके कारण जिले में तेज आंधी तूफान के साथ-साथ भारी वर्षा हो सकती है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को उक्त स्थिति पर कड़ी निगरानी रखते हुए जानमाल की हानि न हो एवं सर्तकता बनाए रखने हेतु निर्देशित किया है। सभी अधिकारी अपने-अपने मुख्यालय में उपस्थित रहे तथा आपात परिस्थितियों में शीघ्र ही कलेक्टर कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

वज्रपात व आकाशीय बिजली व आंधी तूफान से बचाव व राहत व्यवस्था के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

न्याय साक्षी/रायगढ़। छत्तीसगढ़ में आगामी जून माह से सितम्बर माह के बीच मानसून के दौरान वज्रपात एवं आकाशीय बिजली तथा आंधी-तूफान से जन-धन हानि होने की संभावना बनी रहती है। छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जनसामान्य को वज्रपात एवं आकाशीय बिजली से बचने के संबंध में सावधानियां बरतने हेतु कहा है।

वज्रपात एवं आकाशीय बिजली के दौरान यदि घर में हो तो पानी का नल, फ्रिज, टेलीफोन आदि को न छुएं और उससे दूर रहे तथा बिजली से चलने वाली यंत्रों/ उपकरणों को बंद कर दें। यदि दो पहिया वाहन, साईकिल, ट्रक, खुले वाहन नौका आदि पर सवार हो तो तुरंत उतरकर सुरक्षित स्थानों पर चले जाए। वज्रपात एवं आकाशीय बिजली के दौरान वाहनों पर सवारी न करें। धातु की डंडी वाले छाते का उपयोग न करें। टेलीफोन व बिजली के पोल, खंभे तथा टेलीफोन टावर से दूर रहे। कपड़े सुखाने के लिए तार का प्रयोग न कर, जूट या सूत की रस्सी का उपयोग करें। बिजली की चमक देख तथा गडग़ड़ाहट की आवाज सुनकर ऊंचे एवं एकल पेड़ां पर नहीं जाएं। यदि कोई व्यक्ति जंगल में हो तो वे छोटे एवं घने पेड़ों की शरण में चले जाए। वृक्षों दलदल वाले स्थलों तथा जल स्त्रोतों से यथा संभव दूर रहे परंतु खुले आकाश में रहने से अच्छा है कि, छोटे पेड़ों के नीचे रहे। खुले आकाश में रहने को बाध्य हो तो नीचे के स्थलों को चुने, एक साथ कई आदमी इकट्ठे न हो, दो आदमी की दूरी कम से कम 15 फीट हो, तैराकी कर रहे लोग मछुवारे आदि अविलंब पानी से बाहर निकल जाए। गीले खेतों में हल चलाते, रोपनी या अन्य कार्य कर रहे किसानों तथा मजदूरों या तालाब में कार्य कर रहे व्यक्ति तुरंत सूखे एवं सुरक्षित स्थान पर जाए। धातु से बने कृषि यंत्र, डंडा आदि से अपने को दूर कर लें। यदि खेत-खलिहान में काम कर रहे हो तो तथा किसी सुरक्षित स्थान की शरण न ले पाए तो जहां है वहीं रहे, हो सके तो पैरों के नीचे सूखी चीजें जैसे लकड़ी, प्लास्टिक, बोरा या सूखे पत्ते रख ले। दोनों पैरों को आपस में सटा ले एवं दोनों हाथों को घुटनों पर रखकर अपने सिर को जमीन की तरफ यथा संभव झुका लें तथा सिर को जमीन से न छुआएं, जमीन पर कदापि न लेटे। अपने घरों तथा खेत-खलिहानों के आसपास कम ऊंचाई वाले उन्नत किस्म के फलदार वृक्ष समूह लाए। ऊंचे पेड़ के तनों व टहनियों में तांबे का एक तार स्थापित कर जमीन में काफी गहराई तक दबा दें ताकि पेड़ सुरक्षित हो जाए।

फैनी तुफान के चलते कई एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द

न्याय साक्षी/रायगढ़। चक्रवाती तूफान फैनी के मद्देनजर छत्तीसगढ़ से होकर चलने वाली 5 एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इसमें रायगढ़ से गुजरने वाली पुरी-उत्कल एक्सप्रेस भी शामिल हैं। हालांकि अन्य गाड़ियां रायपुर से महासमुंद होकर ओडिशा पहुंचती है। गाड़ी संख्या 22973 गांधीधाम से पुरी के बीच चलने वाली ट्रेन गुरुवार को रायपुर जंक्शन नहीं आएगी। इस ट्रेन को गांधीधाम से ही नहीं चलाया गया। रायपुर जंक्शन से होकर पुरी जाने व आने वाली गाडियों को 3 मई को 4 एक्सप्रेस ट्रेन नहीं चलाने का निर्णय लिया गया है। इनमें से गाड़ी संख्या 12843 पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस, गाड़ी नंबर 18477 पुरी-हरिद्वार उत्कल मेल, गाड़ी संख्या 18407 पुरी-साईं शिर्डी एक्सप्रेस व गाड़ी संख्या 18425 पुरी से दुर्ग इंटरसिटी एक्सप्रेस रद्द कर दी गई है। ओडिशा में तूफान फैनी के कारण गुरूवार शाम तक तटीय इलाकों से आठ लाख लोग अपने घरों को छोडक़र राहत शिविरों में जा चुके हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, अति गंभीर तूफान फेनी के गोपालपुर और चांदबली के बीच से होते हुए पुरी के दक्षिण से गुजरने की संभावना है।

आदित्य बने अंडर-13 कैटेगरी के चेस चैंपियन

न्याय साक्षी/रायगढ़। बिलासपुर में 27 अप्रैल से 01 मई तक आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय प्रथम ऑल इंडियाओपन फीडे रेटिंग चेस टूर्नामेंट में रायगढ़ के आदित्य अग्रवाल ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्तकर अंडर-13 कैटेगरी ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया । उक्त टूर्नामेंट में देश भर के चैस खिलाड़ियों ने भाग लिया था ।

प्रारंभ से ही मेधावी आदित्य अग्रवाल जिंदल स्कूल में अध्ययनरत हैं तथा वे पार्क एवेन्यू कॉलोनी में निवासरत सीए संजय अग्रवाल एवं श्रीमती विनीता अग्रवाल के सुपुत्र हैं । आदित्य अपनी इस सफलता का श्रेय अपने चैस कोच श्री कार्तिकेश्वर मैत्री, ईश्वर नेताम तथा अपने माता पिता को देते हैं।

जिला इंटक ने मनाया मजदूर दिवस

न्याय साक्षी/रायगढ़। राष्ट्र की सबसे बडी मजदूर संगठन राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस ने जहां पूरे देश में 1 मई मजदूर दिवस को बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया वहीं जिला इंटक रायगढ़ की टीम ने शाहनवाज खान जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में संपूर्ण जिले में सुबह 7 बजे से लेकर रात 10 बजे तक समस्त औद्योगिक एवं खदान क्षेत्र में सभी मजदूर भाईयों के साथ श्रमिक पर्व को बडे ही जोर शोर से मनाया। शाहनवाज खान अपने समर्थकों और जिला इंटक की टीम के साथ चार पहिया वाहन के काफिले में संपूर्ण जिले का दौरा किया और अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत तराईमाल, पूंजीपथरा, बंजारी, एनटीपीसी समेत आसपास के सभी औद्योगिक श्रमिको की बडी बडी सभाए ली, जहां न केवल उन्होंने श्रमिकों को मजदूर दिवस की बधाई दी बल्कि उनको हौसला भी दिया कि 24 घंटे में कभी भी आपको मेरी जरूरत हो तो या मेरे लोगों की जरूरत हो तो मै मेरे लोग आपके लिए दिल से खड़े हैं और आपके साथ कोई भी शोषण या अन्याय नही होनें देंगे।

कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद रूकवाई गई शादी

न्याय साक्षी/रायगढ़। परिवार न्यायालय रायगढ़ के हस्तक्षेप के बाद 1 मई को होने वाली पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी अंततः रोकना पड़ गया। यह मामला रायगढ़ जिले के ग्रामीण अंचल का है।

यह मामला रायगढ़ जिला न्यायालय के परिवार न्यायालय में चल रही है ,वादी महिला हाल निवास मैका कदमघाट तहसील लखनपुर जिला झारसुगुडा ओडिसा की शादी 12 -3-2015 को सामाजिक रीति रिवाज के तहत डूमरपाली, बनोरा जिला रायगढ़ के वृन्दावन सा के साथ हुई थी ।किन्तु दोनों में अनबन होने के कारण न्यायालय में मामला चली जिसमें उभय पक्ष में साथ साथ रहने का समझौता हुआ था किंतु कुछ साल रहने के बाद वृन्दावन ने पत्नी को घर से निकाल दिया था तथा एक अन्य महिला से दूसरी शादी करने निमंत्रण पत्र वितरण कर एवं घर पर मेहमान बुलाकर बटमुल आश्रम बनोरा में 1 मई 2019 को शादी करने की पूरी तैयारी कर ली थी ।

इसी बीच पहली पत्नी को इसकी जानकारी प्राप्त होने पर उसके द्वारा वकील के मार्फत परिवार न्यायालय रायगढ़ में पहली पत्नी के रहते हुए उसे तलाक दिये बिना दूसरी महिला के साथ शादी की रस्म निभाने की पूरी तैयारी कर ली थी । परिवार न्यायालय के विद्वान न्यायाधीश श्री जयदीप निमोडकर द्वारा आवेदिका के अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत तर्क एवं दस्तावेज की गंभीरता को देखते हुए आवेदिका द्वारा प्रस्तुत दावा को तुरंत पंजीयन कर हमदस्त नोटिस की तामीली स्पेशल मचकुरी के माध्यम से कराया जाकर अगले दिन प्रकरण सुनवाई अनावेदक गण की उपस्थिति हेतु रखी गई। 1 मई 2019 को अनावेदक वृन्दावन एवम देवकी के परिजन उपस्थित होकर अंडर टेकिंग दिये हैं कि आगामी पेशी तारीख 22 जून तक शादी नहीं करेंगे ।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों कृ0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तत्पर सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480